Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to extend benefits of various public welfare schemes to all Gram Panchayats in Balaghat and Seoni districts of Madhya Pradesh

श्री बोध सिंह भगत (बालाघाट) ः भारत सरकार द्वारा सन् 2011 में सामाजिक-आर्थिक आधार पर पूरे देश में सर्वे कराया गया था, जिसके आधार पर भारत सरकार की जन कल्याण योजनायें जैसे प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला गैस योजना संचालित हो रही हैं। जिन लोगों का नाम सर्वे सूची में शामिल हो चुका है, उन्हें लाभ मिल रहा है, किन्तु मध्यप्रदेश में मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बालाघाट-सिवनी जिले की अनेक ग्राम पंचायत ऐसी है जिसका सर्वे हो चुका है किंतु प्रशासनिक अधिकारियों की कथित लापरवाही के कारण कम्प्यूटर में डाटा एन्ट्री नहीं होने के कारण इन ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है जिससे लोगों में तीव्र रोऐ है।

अतः मैं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री जी का ध्यान आकर्णित करना चाहूँगा कि तत्काल इसकी जाँच करवाकर दोऐाळ अधिकारियों को दंडित कर सर्वे सूची में संबंधित ग्राम पंचायतों को शामिल कर योजनाओं की पात्रता रखने वाले परिवारों को लाभ मिल सके।